प्रतिक्रिया कोई सराहना कर रहा तो कोई बता रहा निराशाजनक, आम नागरिकों ने महंगे-सस्ते के चश्में से देखा बजट

कांग्रेस ने बताया लूटने वाला बजट, भाजपा बोली ऐतिहासिक, सशक्त

जबलपुर। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए देश का आम बजट पेश किया जिसको लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। भाजपाईयों ने खुलकर सराहना की तो कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने बजट की आलोचना की है। विपक्षी नेताओं और कुछ किसान संगठनों ने बजट को निराशाजनक बताया है। कांग्रेसियों का कहना है कि बजट में गरीब तबके के लिए कुछ नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी दूर करने कोई कदम नहीं उठाए गए ।आम नागरिकों को लूटने वाला बजट है। उधर भाजपा ने आशा से भरा और देश की सशक्त वित्तीय समृद्धि की आधारशिला रखने वाला बजट बताया है। भाजपाईयों का कहना है कि किसानों के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं, वृद्ध जनों, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रावधान बजट में किए हैं। देश का बजट विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला एतेहासिक रोडमैप है। वहीं आम नागरिकों ने बजट को महंगे-सस्ते के चश्मे से देखा।

प्रस्तावित कई कॉरिडोर्स जबलपुर से गुजरेंगे

रेलवे के लिए बजट में घोषित हाई स्पीड कॉरिडोर का महत्वपूर्ण लाभ जबलपुर संसदीय क्षेत्र को भी मिलने की आशा जाहिर की गई है। प्रस्तावित कई कॉरिडोर्स के मार्ग जबलपुर से होकर गुजरेंगे जिससे जबलपुर को भी फायदा होगा।

विधायक के साथ स्थानीयजनों ने सुना बजट

भारतीय जनता पार्टी कैंट विधानसभा पंडित अटल बिहारी वाजपेई मंडल एवं छत्रपति शिवाजी मंडल के द्वारा प्रदेश नेतृत्व एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भारत माता चौक सदर पर विधायक अशोक रोहाणी ने आम जनता एवं पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ बजट को सुना एवं देखा। कार्यक्रम में आशीष राव ,सौरव गोयल, अजय पदम, शेखर पिल्ले ,अभिषेक रजक सहित अन्य स्थानीयजनों की उपस्थिति रही।

बीजेपी कार्यालय में बजट का श्रवण

केंद्रीय आम बजट को भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के कार्यकर्ताओ द्वारा शहर के सभी 18 मंडलो के साथ भाजपा कार्यालय रानीताल में स्थानीय जनों के साथ श्रवण किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि पार्टी के प्रदेश कार्यालय सहित प्रदेशभर में मंडल स्तर तक स्क्रीन लगाकर रविवार को केंद्रीय बजट के लाइव प्रसारण को पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं ने आमजनों के साथ देखा व श्रवण किया।

भाजपा नेताओं का कहना है

बजट केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला एक ऐतिहासिक रोडमैप है। यह बजट भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित होने वाला है। भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक अर्थव्यवस्था में उच्च स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

राकेश सिंह, लोक निर्माण मंत्री

आशा से भरा और देश की सशक्त वित्तीय समृद्धि की आधारशिला रखने वाला बजट है। रोजगार सृजन और देश को सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भी वित्त मंत्री ने महत्वपूर्ण प्रावधान बजट में किए हैं।

आशीष दुबे, सांसद, जबलपुर संसदीय क्षेत्र

बजट में समाज के हर वर्ग महिला , किसान , युवा, उद्यमी का ध्यान रखा गया है। सरकार ने आम नागरिक के स्वास्थ्य की चिंता की है। नए करों का प्रावधान नहीं होने से मध्यमवर्गीय परिवार पर करो का कोई बोझ नहीं है। बजट सराहनीय है, स्वागत योग्य है।

सुमित्रा बाल्मीकि सांसद (राज्यसभा)

जबलपुर नगर निगम इस बजट के प्रावधानों का लाभ उठाकर शहर के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। यह बजट शहरी विकास, बुनियादी ढांचे और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण के दृष्टिकोण से अत्यंत उत्साहजनक है।

जगत बहादुर सिंह अन्नू, महापौर



प्रस्तुत बजट आशा से भरा और देश की वित्तीय समृद्धि की महत्वपूर्ण नींव रखने वाला बजट है। बजट में आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने और विकास के रास्ते पर चलने के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई है जो पूरी तरह आत्मनिर्भर भारत बनाने में सरकार की इच्छा शक्ति को दर्शाती हैं।

अशोक रोहाणी, विधायक कैंट,

ये बजट वास्तव में आत्मनिर्भरता के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर करने वाला बजट है, आज जहां सम्पूर्ण वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है वहां ये बजट डर से मुक्त रखने वाला बजट है। अनेक नई सौगातों के साथ साथ रोजगार और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए भी बजट में प्रावधान किए गए है।

डॉ अभिलाष पाण्डेय, विधायक, उत्तर मध्य विस

बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार रूप देने वाला है। यह बजट समावेशी विकास एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, शहरी क्षेत्र के विकास, पर्यटन, उद्योग, रेलवे, स्वास्थ्य के लिए उचित प्रावधान किये गए है।

रत्नेश सोनकर,भाजपा जिला अध्यक्ष

उद्योग और व्यापार के प्रति सकारात्मक बजट : जबलपुर चेम्बर

जबलपुर चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने बजट को उद्योग और व्यापार के प्रति सकारात्मक बताया। अध्यक्ष प्रेम दुबे ने कहना कि लघु उद्योगों के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान हमारे उद्योगों की मदद करेगा। चेम्बर चेयरमेन कमल ग्रोवर ने बजट को संतुलित बताया। कर विषेषज्ञ सीए अनिल अग्रवाल ने बताया गया कि प्रावधान अर्थव्यवस्था को गति देगा। चेंबर सचिव पंकज माहेश्वरी ने कहा कि एमएसएमई को ऋण सुविधा बढ़ाए जाने का कदम छोटे उद्योगों को राहत प्रदान करेगा। कर अधिवक्ता अभिषेक ध्यानी ने कहा सरकारी घाटा काफी बढ़ रहा है और यह चिंता का विषय है।

इन्होंने कहा

फेडेरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष हिमांशु खरे ने कहा कि यह बजट, भविष्य की कार्य योजना को ध्यान में रखकर बनाया गया है जिसमें रोजगार सृजन की संभावनाएं दिख रही हैं वहीं अर्थव्यवस्था को संबल प्रदान करने का प्रयास किया गया है।

दीपक सेठी, संभागीय अध्यक्ष कॉन्फिडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स जबलपुर ने कहा अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला बजट है। स्वास्थ्य एवं आम जनता को मेडिकल सेक्टर को बढ़ावा देने के साथ-साथ शुगर और बीपी जैसी आवश्यक दवाइयों के सस्ते होने से सीधा लाभ मिलेगा।

सीए अखिलेश जैन , प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए घरेलू निर्माण क्षमता और ऊर्जा सुरक्षा को प्रमुखता दी गई है। बजट में युवा शक्ति का विशेष ध्यान रखा गया है बजट का आधार ही युवा शक्ति है।

दीपक पचौरी ने कहा कि यह बजट ऐसे समय में आया है जब वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितताओं से घिरी हुई है, विकसित देश मंदी और महंगाई से जूझ रहे हैं, और विकासशील देशों के सामने रोजगार, निवेश तथा सामाजिक संतुलन की दोहरी चुनौती है। ऐसे परिदृश्य में यह बजट भारत को स्थिरता, आत्मनिर्भरता और दीर्घकालिक विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने का प्रयास करता दिखाई देता है।

डॉ. ए.के. द्विवेदी ने कहा कि कहा कि बजट में आयुष फार्मेसी और औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं को अपग्रेड करने का प्रावधान भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे आयुष औषधियों की गुणवत्ता, सुरक्षा और वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रमाणिकता सुनिश्चित होगी।

इन्होंने जताई चिंता

इंजी.के.के.अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारत कृषक समाज ने कहा किविगत वर्ष कृषि का बजट 3.37 प्रतिशत प्रतिशत था जो अब इस वर्ष यह मात्र 3.04 प्रतिशत रह गया है। कृषि क्षेत्र के लिए बजट में कटौती बहुत चिंता का विषय है। लगातार खेती की लागत बढ़ रही है। इस बजट में किसानों की समृद्धि की कल्पना करना बेमानी होगी।

एसएन पाठक, राष्ट्रीय अध्यक्ष, एआईडीईएफ ने कहा कि शब्दों की खाल में सपनों की दुनिया में ले जाने वाला बजट है। पिछले साल के बजट के बाद आज तक जो हाल आम आदमी का है अगले साल भी यही रहेगा। मंहगाई आसमान पर है, नौकरी की उम्मीद नदारद है।

कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के लिये महत्वपूर्ण बजट है और बड़े जोर-शोर से बजट की ब्रांडिंग की जा रही थी किन्तु आम आदमी को सीधा लाभ आयकर छूट से मिलता और उससे खरीद बढ़ती ताकि उद्योग और व्यापार में सीधा लाभ होता। स्वदेशी आव्हान के लिये कोई नई योजना आना चाहिये थी।

सीए धीरज घई ने कहा कि बजट 2026 करदाताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरता हुआ प्रतीत नहीं होता। सबसे बड़ी निराशा यह है कि आयकर की किसी भी टैक्स स्लैब में कोई रियायत नहीं दी गई, जिससे मध्यम वर्ग पर कर-भार यथावत बना हुआ है। बढ़ती महंगाई के बीच यह वर्ग ठोस राहत की उम्मीद कर रहा था।

क्या बोले कांग्रेसी

यह बजट देश के सामने खड़ी गंभीर आर्थिक चुनौतियों से पूरी तरह अनजान नजर आता है और आम जनता के लिए किसी भी तरह की राहत लेकर नहीं आया है। विदेशी निवेश टप स्थिति में है महिला केंद्रित रोजगार के अवसरों और बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर भी कोई ठोस नीति दिखाई नहीं देती। देश में लाखों बेरोजगार युवाओं के लिए नए रोजगार की कोई उम्मीद इस बजट से पैदा नहीं होती।

विवेक तंखा, राज्य सभा सांसद

इस बजट में गरीब तबके के लिए कुछ नहीं है। बजट में महंगाई को कंट्रोल करने के लिए भी कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। बजट आम नागरिकों को लूटने वाला है। युवा, किसान, बेरोजागार परेशान है। रोजगार नहीं है, महंगाई, नौकरी जस की तस है।

लखन घनघोरिया, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विस

मोदी सरकार के इस बजट की घोषणा के बाद आम नागरिकों को राहत नहीं है। शेयर मार्केट गिर गया। यह बजट गरीबों, युवाओं के हित में नहीं है। महंगाई कैसे कम होगी, रोजगार कैसे पैदा होंगे, इसका कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

सौरभ नाटी शर्मा, अध्यक्ष, नगर कांग्रेस

बजट अच्छा नहीं है। रुपए की गिरावट से निपटने के लिए भी सरकार के पास कोई योजना नहीं है। इस बजट में शिक्षित युवाओं में फैले व्यापक बेरोजगारी संकट के समाधान से जुड़ी कोई बात नहीं है। ये लोगों के हित में नहीं है और इसका लोगों के लिए कोई उपयोग नहीं है

दिनेश यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता

दो पक्षों में टकराव, पांच घायल

जबलपर। पाटन थाना अंतर्गत चौधरी मोहल्ला में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया। जिसमें पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक ममता खंगार 20 वर्ष निवासी नाका न. 2 के पास चौधरी मोहल्ला पाटन ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह पढाई कर रही है। मोहल्ले का दीपेश राठौर शराब पीकर उसके घर के समाने आकर हंगामा कर रहा था। जिससे उसके भाई विकास का विवाद हो गया था। पिता भूरे लाल खंगार हनुमान मंदिर के पास स्थित किराना दुकान को बंद कर घर वापस आ रहे थे। रास्ते में दीपेश राठौर, राजू राठौर एंव अभिषेक राठौर मिले जिन्होंने पिता से विवाद किया। दीपेश ने डण्डे से हमला कर पिता को चोट पहुंचा दी। मॉ सुनीता बाई ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की। वहीं राजू राठौर 46 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला पाटन ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि भूरेलाल खंगार विवाद करते हुये दीपेश के साथ गालीगलौज करने लगा, गाली देने से मना करने पर भूरे लाल एवं भूरेलाल का भतीजा वीरन खंगार दोना दीपेश के साथ हाथ मुक्को से मारपीट कर हाथ, कनपटी में चोट पहुंचा दी उसने बीच बचाव किया तो भूरेलाल ने डण्डे से हमला कर सिर व कमर में चोट पहुंचा दी। आवाज सुनकर छोटा बेटा अभिषेक आया तो वीरन ने डण्डे से हमला कर अभिषेक के पैर में चोट पहुंचा दी तथा दोनो जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

बीमारी से त्रस्त महिला ने की खुदकुशी

जबलपुर । गोसलपुर थाना अंतर्गत बुढागर में रहने वाली एक महिला ने बीमारी से त्रस्त होकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि सतपाल भूमिया 23 वर्ष निवासी गांधीग्राम बुढागर ने सूचना दी उसकी मझली बहन शिवानी भूमिया की शादी ग्राम भेडा निवासी राजाराम भूमिया के साथ 1 वर्ष पूर्व हुई है। बहन शिवानी पिछले 1 माह से मायके में रह रही है। बहन को मानसिक समस्या एवं बीमारी थी। जिसका इलाज जबलपुर में चल रहा था। शिवानी बीमारी से काफी परेशान थी। रविवार को वह तथा उसके माता पिता काम करने गये थे, घर पर शिवानी अकेली थी, शाम 4-45 बजे चाचा के लडके उमेश भूमिया ने बताया कि शिवानी ने घर में पंखे से साडी बांधकर फांसी लगा ली है। घर आया तो देखा के घर के कमरे में लगे पंखे में बहन शिवानी 27 वर्ष साड़ी बांधकर फांसी पर लटकी मिली।

तिलहरी में नई शराब दुकान खोलने के खिलाफ महिलाओं का जबर्दस्त प्रदर्शन

नवभारत,जबलपुर। थीम पार्क रेजिडेंशियल सोसाइटी, तिलहरी के सामने एक नई शराब की दुकान खोलने और जबलपुर के तिलहरी इलाके की घनी आबादी वाली रिहायशी कॉलोनियों में पास में चल रही अन्य शराब की दुकानों , बार के खिलाफ स्थानीय रिहायशी सोसाइटियों की महिलाओं, बच्चों और निवासियों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। इस इलाके में खंडारी नाले से शुभम रेजिडेंसी तक 2 किमी के दायरे में पहले से ही कुल 06 शराब की दुकानें/बार मौजूद थे और हाल ही में थीम पार्क सोसाइटी के सामने, साकार नगर कॉलोनी के पास 7वीं शराब की दुकान खोली गई है।

जिसको लेकर विरोध जारी है ।विरोध प्रदर्शन के दौरान स्थानीय निवासियों ने नारे लगाए और जिला प्रशासन, स्थानीय प्रतिनिधियों को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें शराब की दुकान को तुरंत बंद करने या गैर-

रिहायशी इलाके में ले जाने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर अधिकारी तुरंत कार्रवाई करने में विफल रहते हैं, तो आंदोलन को शांतिपूर्ण लेकिन मज़बूत तरीके से किया जाएगा। निवासियों ने जिला प्रशासन, आबकारी विभाग, नगर निगम और स्थानीय प्रतिनिधियों से तुरंत हस्तक्षेप करने और रिहायशी इलाके की गरिमा, सुरक्षा और शांतिपूर्ण माहौल की रक्षा करने की अपील की है।

बच्चों पर पड़ रहा बुरा असर

निवासियों ने बताया कि शराब की दुकान घनी आबादी वाली रिहायशी सोसाइटियों के पास स्थित है, जो सार्वजनिक सुरक्षा नियमों और सामाजिक भलाई के खिलाफ है। यह जगह पास की कॉलोनियों के स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए स्थानीय बस स्टॉप भी है और इस जगह पर शराब की दुकान खोलने से स्कूल जाने वाले बच्चों पर बुरा असर पड़ेगा और बच्चों, खासकर लड़कियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है।

सड़क हादसों में दो की मौत, पांच घायल

जबलपुर। शहर एवं ग्रामीण अंचल में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। बरेला पुलिस ने रविवार को बताया कि श्रीमति मोनिका यादव 37 वर्ष निवासी मन्नूलाल अस्पताल के पास दीक्षितपुरा कोतवाली ने सूचना दी कि उसका छोटा भाई बृजेन्द्र यादव काम की तलाश में अपने गांव बिलगढा थाना मोहगांव जिला मंडला से जबलपुर आया था जिसका रात लगभग 12-40 बजे हाईवे में जी.डी.गोयनका स्कूल के सामने एक्सीडेंट होने से आई चोटों के कारण उसके भाई बृजेन्द्र यादव 32 निवासी बिलगढा थाना मोहगांव जिला मंडला की मौत हो गई। इसी प्रकार पनागर पुलिस ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि अमन पटेल 25 वर्ष निवासी ग्राम छीनामानी पनागर को शनिवार रात लगभग 9-30 बजे सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण शासकीय अस्पताल पनागर से रेफर होकर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था दौरान उपचार के रात लगग 11-05 बजे अमन पटेल की मौत हो गयी है। पाटन पुलिस ने बताया कि रामकिशोर ठाकुर निवासी ग्राम महुआखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वासन पाटन तेंदुखेड़ा रोड पर तेंदुखेड़ा तरफ से आ रही सफेद रंग की कार का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे वह मोटर सायकल सहित गिर गया जिससे उसे चोट आ गई। इसी प्रकार कटंगी थाने में ब्रजेश ठाकुर 24 वर्ष निवासी सिंगपुर जबेरा जिला दमोह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रज्ञाधाम के पास कार क्रमांक एमपी 20 जेड जेड 5378 ने सुलेखा, गेंदालाल, गोपाल को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे तीनों को चोट आ गई। इसी प्रकार सिहोरा थाने में राहुल श्रीवास 33 वर्ष निवासी आजाद वार्ड सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि शाम 5 बजे अपनी मोटर सायकिल से झण्डा बाजार की तरफमृगनयनी रोड से जा रहा था मृगनयनी के पास एक मोटर सायकिल सीडी डीलक्स का चालक अमन अग्रवाल निवासी पालीवाल कालोनी तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये आया एवं सामने से टक्कर मार दी जिससे वह गिर गया उसे कमर मे चोट आ गयी, तथा उसकी मोटर सायकिल क्षतिग्रस्त हो गयी है।

सामाजिक सद्भाव के संदेश के साथ कांग्रेस ने निकाला सद्भावना मार्च

नवभारत,जबलपुर। कांग्रेस पार्टी की 140 वर्षों की गौरवशाली विरासत, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सामाजिक सद्भाव के संदेश को आम जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से रविवार को विरासत के रक्षकों के नेतृत्व में शहर जिला कांग्रेस कमेटी, जबलपुर द्वारा भव्य सद्भावना मार्च का आयोजन किया गया।यह सद्भावना मार्च डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए घंटाघर से टाउन हॉल में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। पूरे मार्ग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने तख्तियों और बैनरों के माध्यम से सामाजिक एकता, लोकतंत्र की मजबूती एवं संविधान की रक्षा से संबंधित संदेश दिए। इस पदयात्रा में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशज उत्तराधिकारीगण भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में विरासत के रक्षक,वरिष्ठ कांग्रेसजन, पार्षदगण, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आयोजन बैंगलूर, भोपाल ,ग्वालियर ,कटनी ,बालाघाट के डॉक्टर्स हुए शामिल

द्वितीय वार्षिक इको 2026 वर्कशॉप में दिया गया हृदय संबंधी प्रशिक्षण

नवभारत,जबलपुर। गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल एवं हार्ट रिसर्च एसोसिएशन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को शहर में एक दिवसीय इको कार्डियोग्राफी वर्कशॉप का सफल आयोजन होटल सत्य अशोका में किया गया। इस शैक्षणिक कार्यशाला में प्रतिष्ठित हृदय रोग विशेषज्ञों एवं फिजीशंस ने बड़ी संख्या में भाग लेकर इको कार्डियोग्राफी की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। आयोजक डॉ. पुष्पराज पटेल ने बताया कि गोल्डन हार्ट भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन करता रहेगा।

कार्यक्रम में डॉ कावेरी शॉ पटेल एवं डॉ अर्चना ठाकुर द्वारा वरिष्ठ चिकित्सकों का स्वागत कर सुबह नौ बजे विभिन्न चिकित्सकों की उपस्थिति में सरस्वती वंदना

कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य प्रशिक्षिका बैंगलोर से पधारीं डॉ. आई.बी. विजयालक्ष्मी रहीं। जिन्होंने बेसिक फंडामेंटल इको का जन्म जात विकृतियों, हृदय की कार्यक्षमता को प्रभावित करने वाले लक्षण के बारे में विस्तार में बताया । वहीं डॉ. प्रभावती, हेड ऑफ द डिपार्टमेंट, कार्डियोलॉजी, सह प्रशिक्षिका के रूप में उपस्थित होकर इको कार्डियोग्राफी की सूक्ष्म तकनीकी ज्ञान , विभिन्न प्रकार की विधाएँ हार्ट के वॉल्व धमनियाँ और विभिन्न जन्मजात समस्याओं का इको कार्डियोग्राफी द्वारा पहचान व समयानुसार निदान के बारे में विस्तार से दर्शाया। इस दौरान बेंगलूर, भोपाल ,ग्वालियर ,कटनी ,बालाघाट ,सिवनी ,सतना से जबलपुर आए चिकित्सकों ने इको 2026 सेकेंड नेशनल इको कान्फ्रेंस में शिकरत की।

डॉक्टर्स हुए सम्मानित

कार्यक्रम में चेयरपर्सन के रूप में डॉ. नवनीत सक्सेना (डीन, एनएससीबी मेडिकल कॉलेज),सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा, आईएमए स्टेट प्रेसिडेंट डॉ. बी.एन. शरणागत ,आईएमए जबलपुर प्रेसिडेंट डॉ. रिचा शर्मा एवं आईएमए पास्ट प्रेसिडेंट डॉ. संगीता श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। वर्कशॉप के दौरान केस-बेस्ड डिस्कशन, लाइव इको डेमोंस्ट्रेशन एवं इंटरएक्टिव सेशन्स आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि इकोकार्डियोग्राफी हृदय रोगों के सटीक एवं समय पर निदान में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर समाज के प्रति उत्कृष्ट सेवाएँ देने वाले विभिन्न चिकित्सकों को 'कम्युनिटी सर्विसेज़ अवॉर्ड' प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर संयोजक डॉ अनिवेश जैन, डॉ के एल उमामहेश्वर, डॉ अनिमेश गुप्ता. डॉ सचिन गवडे. डॉ राहुल, डॉ. अजय भंडारी, डॉ. डी.एस. बहरानी, डॉ. संजय के. नेमा, डॉ. राजेश जैन, डॉ. मुकेश गट्टानी, डॉ दिवाकर सहित अन्य डॉक्टर्स मौजूद रहे।